# बजट सत्र में विधायक ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा



## जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने कहा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने गुरुवार बजट सत्र पर चर्चा के दौरान क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हर घर नल जल योजना पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया ।

उन्होंने कहा कि जुन्नारदेव में अधिकतर लोग इलाज कराने अस्पताल में पहुँचते है लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें निराश होना पड़ता है। जुन्नारदेव के सीएचसी स्तर के हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सको की कमी है। महिलाओं और बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सको की मांग यहाँ बीस पच्चीस वर्षो पुरानी मांग है जो अभी तक पूरी नही हो सकी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जुन्नारदेव की स्थिति से आप प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगा सकते है।

**नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में उमड़ पड़ते है मरीज**

विधायक सुनील उइके ने सदन की चर्चा में कहा कि क्षेत्र में जब कभी भी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होते है मरीज हजारों की संख्या में उमड़ पड़ते है इसी से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति समझी जा सकती है। यदि मौजूदा सरकारी अस्पताल में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलती तो फ्री मेडिकल कैम्प में इन मरीजो की संख्या कम होती ।

**सीएचसी जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने की मांग**

विधायक सुनील उइके ने सदन को अवगत कराया कि जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक नजरिए से प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा है जो लगभग 175 किमी क्षेत्र में फैली हुई है। ऐसे में जुन्नारदेव के सीएचसी अस्पताल को सिविल अस्पताल में अपग्रेड किया जाता है तो यह जनता के स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा होगा ।

**आयुष्मान योजना अच्छी**

सदन में चर्चा के दौरान विधायक ने आयुष्मान योजना की तारीफ करते हुए स्वीकारा कि यह गरीबो के लिए बेहतर है लाखो लोगो को इसका फायदा मिल रहा है लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है ।

विधायक ने कहा कि जिले में ही ऐसे कई प्राइवेट अस्पताल है जहाँ आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के लिए नियम और शर्तें लागू होती है। मरीजो को कहा जाता है कि अमुक जांच योजना में शामिल नहीं है या इस बीमारी का इलाज योजना में नहीं हो सकता, और इस तरीके से प्राइवेट हॉस्पिटल मरीजों से पैसा ऐंठते है। कहा कि कार्रवाई भी होती है लेकिन इसमें सख्ती की जरूरत है ।

विधायक ने सदन को सुझाव दिया कि आयुष्मान योजना से ओपीडी को जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि ग्रामीण अंचल के लोग डेढ़ दो सौ रुपए शुल्क नहीं दे पाते और ऐसी स्थिति में 20 पच्चीस रुपयों की गोलियो से काम चलाते है। यदि ओपीडी शुल्क को योजना में शामिल करते है तो इससे गरीबो को इलाज में बड़ी मदद मिलेगी।

**छिन्दवाड़ा मेडिकल के लिए मांगे 100 करोड़**

विधायक सुनील उइके ने छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज को बढ़ाकर 100 करोड़ करने की मांग कि उन्होने कहा कि छिन्दवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के पीछे हमारे आदर्श और वरिष्ठ नेता कमलनाथ का एक विजन था।

उन्होंने देखा और समझा था कि गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगो को पड़ौस के महानगर के प्राइवेट अस्पताल कैसे लूटते है। उनकी सोच थी कि छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज बनने से इस जिले के अलावा सिवनी बालाघाट बैतूल नरसिंहपुर जिले की आम जनता को फायदा होना चाहिए।

## लिंगा आश्रम में किया योग



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने लिंगा स्थित सहयोग की प्रणेता श्री माताजी निर्मला देवी के आश्रम पहुंचे। आश्रम पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने श्री माताजी निर्मला देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया एवं सहयोग कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, अजय सक्सेना, भरत घई, कृष्णा हरजानी, राकेश माइकल पहाड़े, विजेंद्र चौहान, दिव्यकांत यादव गोलू, शिखर पांडे सहित बड़ी संख्या में सहयोगी उपस्थित रहे।

## सांसद आज पांढुर्णा में लेंगे दिशा समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 22 मार्च को पांढुर्णा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दोपहर 2 बजे से लेंगे। जिसमें वे पांच प्रमुख विभागों के कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विकास कार्यो की जानकारी लेंगे।

### सार समाचार

## अग्नि पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री दिया मदद का आश्वासन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया, बिलहरा, खिरैटी की खड़ी फसलों में कल शाम अचानक आग लग गई थी। इस तरह खड़ी फसलों में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ।

सांसद श्री विवेक बंटी साहूए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव और अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के निर्देश पर भाजपा जिला महामंत्री श्री टीकाराम चंद्रवंशी द्वारा राजस्व अधिकारी और कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ति किसानों से मुलाकात की और सांसद श्री



विवेक बंटी साहू भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव और विधायक राजा कमलेश शाह को फोन के माध्यम से स्थिति से अवगत करवाया गया साथ ही वरिष्ठों की ओर से हर संभव मदद के देने के लिए आश्वस्त किया गया।

जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी द्वारा निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार श्रीकांत भूरिया, हल्का पटवारी प्रफुल्ल डेहारिया, जतिन कुमार से चर्चा कर शासन की ओर से अधिक से अधिक मदद पीड़ित किसानों को दिलाई जाने की बात की साथ ही पीड़ित किसानों को सांसद एवं विधायक अमरवाड़ा की ओर से अधिक से अधिक मदद दिलवाने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी के साथ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, खिरेटी सरपंच बंटी इंगोल, जरासंध चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, अनुभव परिहार, रामेश्वर दुबे, चैन सिंह चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह परिहार, राजा राजपूत, विद्यमान चंद्रवंशी, कारण चंद्रवंशी, बीरबल चंद्रवंशी, सत्येंद्र परिहार, विलास राम वर्मा एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

## विभागीय पदोन्नति मांगों को लेकर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा छिन्दवाड़ा के द्वारा विभागीय पदोन्नति मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में म.प्र. शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग के कर्मचारी को पदोन्नति प्रदान की गयी है। राज्य शासन के इस विभागों में उच्चतम न्यायालय के अधीन रखते हुये पदोन्नति दी गयी है। इसका हवाला देते हुये अन्य विभागों में पदोन्नति दी जावें। यह मांग शासन से जल्द से जल्द पूरी करने के लिये निवेदन किया गया है।

इस अवसर पर शाखा के जिला अध्यक्ष ओ.पी. सोनी, नीरज दुबे, जिला सचिव बी.पी. तिवारी, जिला ब्लॉक अध्यक्ष विपिन शर्मा, राधेश्याम मरकाम, रितेश तिवारी, ज्ञानेन्द्र शर्मा, सुश्री माया धुर्वे, अध्यक्ष तामिया मथुरा प्रसाद डेहरिया, विजय आचार्य, संजय श्रीवास्तव, अरविंद सरेठा आदि कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर खासकर कर्मचारी संघ का मनोबल बढ़ाने के लिए जिला अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सतीश गोंडाने मुख्य रूप से उपस्थित थे और कलेक्टर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर श्री मेहरा को ज्ञापन सौपा गया।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सांसद विवेक साहू ने की मुलाकात



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात का सौभाग्य प्राप्त हुआ,प्रधानमंत्री की सादगी से अभिभूत हूं उन्होंने मुझे जो मार्गदर्शन दिया वो मेरे लिये संकल्प है एउन्हीं संकल्पों को पूरा करते हुये जनकल्याण, ग़रीब कल्याण एवं छिंदवाडा-पांढुरना के विकास के लिये मेरा जीवन समर्पित है ।

प्रधानमंत्री का अभिनंदन सौंसर के बुनकर भाइयों के हाथों से बने हुए अंग वस्त्र से किया। प्रधानमंत्री को पातालकोट, तामिया की बहनों के हाथों से बनी फूलों की गुलाल एवं महुआ के लड्डू भेंट किये। स्वसहायता समूहों की बहनों के हाथों से बने मिलेट्स के बिस्किट भी भेंट किये ।

पिछले दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसंबर तक आयोजित 100 दिवसीय स्वास्थ शिविर की विस्तृत जानकारी एवं स्मारिका भेंट की। छिंदवाड़ा के विकास के लिये अति-महत्वपूर्ण परियोजना छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर-सागर तक रेल्वे लाइन बिछाने की भी माँग की।

# दिव्यांग बच्चों को लगाया तिलक, दीं शुभकामनाएं

## आधार फाउंडेशन में मनाया गया विश्व डाउन सिंडोम दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों के पुनर्वास, विकास एवं आवासीय गृह आधार फाउंडेशन पोआमा छिंदवाड़ा में शुक्रवार 21 मार्च के शुभ दिन विविध अनुष्ठानों के साथ विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एच. जी.एस. पक्षवार, उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग छिंदवाड़ा, मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि सी.पी. राय, आयुक्त नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी आराधना कासलीवाल इंदौर उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर समाज सेवी दीपकराज जैन ने की, जिनका दिव्यांग बच्चों ने सुंदर मंगलाचरण के साथ तिलक लगाकर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रुचि सुधीर जैन एवं आभार प्रदर्शन आधार की अध्यक्ष सरिता पांडे ने किया। इस अवसर सभी अतिथियों ने आधार में निवास कर रहे सभी डाउन सिंड्रोम दिव्यांग बच्चों का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया ओर इस पावन दिवस की शुभकामनाएं दीं और जरूरतमंद बच्चों को ट्रायसिकल भेंट की।

सुंदर आयोजन की मुख्य अतिथि डॉक्टर पक्षवार, मुख्य वक्ता निगम आयुक्त सी.पी. राय, विशिष्ट अतिथि आराधना कासलीवाल साहित कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक राज जैन ने सराहना कर ऐसे आयोजनों को समाज हित में बताया ओर सभी दिव्यांग बच्चों सहित उनके अभिभावकों को मिष्ठान के साथ आइस्क्रीम का वितरण कर शुभकामनाएं दी।

अपने तकनीकी उदबोधन में आधार फाउंडेशन के संस्थापक और सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजी. महेश किन्थ ने बताया की डाउन सिंड्रोम अनुवांशिक अवस्था है, यह कोई बीमारी नहीं है, इन व्यक्तियों को उपयुक्त वातावरण में प्रशिक्षण, शिक्षण दिया जाए तो वे समाज की मुख्य धारा में आ सकते हैं और आदर व सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सकते हैं। डाउन सिंड्रोम व्यक्तियों को दया की नहीं हम सबका साथ एवं प्यार की आवश्यकता होती है अत: उन्हें समझें और कार्य करने का अवसर प्रदान करें।

कार्यक्रम में संगीता जैन, हिना पाटनी, डॉ. सर्वोत्तम सिंह ठाकुर, डॉ. राजा, समाजसेवी साधना कहार, सुमित्रा पवार, अनीता भलावी, मीना सरयाम, शीतल बागड़े, अर्पणा भारत, शकुंतला वर्मा, ज्योति चौकसे, ममता कामड़े, अशोक धाकड़े, ओमप्रकाश ओक्टे, सचिन सूर्यवंशी, घनश्याम पवार, एन. बंदेवार के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सुंदर आयोजन की दिल से सराहना की।



# मातृशक्ति को जोड़कर महिला कांग्रेस होगी और सशक्त, कांग्रेस भवन में हुई ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मातृशक्ति, परिवार, समाज व संगठन को साथ लेकर चलने की अन्नत शक्ति रखती है। प्रत्येक परिस्थितियों व माहौल से जूझने के लिए तैयार रहने वाली कांग्रेस परिवार से जुड़ी जिला महिला कांग्रेस की नेत्रियां का अदम्य साहस व कार्यशैली से एक बार फिर जमीनी स्तर पर नजर आएगी। संगठन को शक्ति प्रदान करने के लिए जिला महिला कांग्रेस मातृशक्ति को जोड़ने के लिए जल्द ही मैदान में उतरेगी। उक्त बातें नवनियुक्त जिला महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी श्रीमती मंजू बैस और अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी ने व्यक्त किए।

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के हाथों व कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए महिला कांग्रेस की टीम में जल्द ही बड़ी संख्या में मातृशक्तियां जोड़ेंगी। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्षों की आयोजित बैठक में उपस्थित समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण व समस्त नगर अध्यक्षगण के बीच अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर चर्चा हुई। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करने के साथ ही यह भी तय किया गया कि प्रत्येक क्षेत्र में महिला कांग्रेस अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी साथ ही प्रत्येक वर्ग की महिलाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें कांग्रेस की रीति-नीति से अवगत कराया जावेगा। नवीन कार्यकारिणी बनाकर प्रत्येक मातृशक्ति को उनकी क्षमता के अनुसार कार्य सौंपने पर निर्णय लिया गया।

**महिला कांग्रेस की बूथ पर होगी पकड़ मजबूत**

जिला प्रभारी मंजू बैस एवं जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस किरण चौधरी ने कहा है कि जिला मुख्यालय, नगर मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालय नहीं बल्कि महिला कांग्रेस की टीम अब बूथ स्तर पर भी सक्रिय व मजबूत होगी। प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने ब्लॉक में महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने की दिशा में निरंतर व पूरी लगन के साथ कार्य करें।

आयोजित बैठक में गंगाप्रसाद तिवारी, आनंद बक्षी, मंजू बैस, किरण चौधरी, रानू डेहरिया, अन्नू अरोरा, सरला सिसोदिया, प्रतिमा सोनी, कहकशा मिर्जा सहित ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर महिला कांग्रेस अध्यक्षगण उपस्थित रहीं। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा नेता ने बचाई वन्य प्राणी हिरनी की जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र देलाखारी के सीताडोगरी के जंगल से एक हिरण का बच्चा गांव के पास तालाब में पानी पीने के लिए आया था जिसे गांव के कुत्तों ने घेर लिया और उसे जख्मी कर दिया था, जख्मी हालत में गांव के खेत में भाजपा नेता हरिओम यादव को मिला श्री यादव ने जख्मी हुए करीब 2 साल के हिरण के बच्चे को घर लेकर आए और घाव पर मलम पट्टी करके वन विभाग के कर्मचारियों को सौंप दिया। वन कर्मियों ने डॉक्टर सुरेंद्र परतेती पशु चिकित्सा से इलाज के बाद जहां हिरणों की आवाजाही रहती है वहां छोड़ दिया ।

वन परिक्षेत्र अधिकारी आंचल भारद्वाज ने बताया कि सेक्टर क्रमांक पी- 156 में हिरणो की उपस्थिति रहती है बच्चा अपने समूह से बिछड़ कर पानी की तलाश में गांव के किनारे आ गया जिसे गांव के कुत्तों ने जख्मी कर दिया था इलाज के दौरान उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया गया।



# आपदा प्रबंधन की सभी टीमें तैयार रहें : कलेक्टर



## जिला आपदा प्रबंधन की कार्यशाला में सिखाए गए गुर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील स्तरीय रिस्पॉन्स टीम और सभी टास्क फोर्स की दक्षता उन्नयन के लिए 19 से 27 मार्च तक विभिन्न तिथियों में आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

इंसीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम पर विस्तृत प्रशिक्षण 19 मार्च को प्रदाय करने के बाद आज प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना और अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना से बचाव एवं राहत तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें जिला स्तरीय रिस्पॉन्स टीम एवं जिला स्तरीय इंडस्ट्रियल/केमिकल एक्सीडेंट रिलेटेड टास्क फोर्स सभाकक्ष में उपस्थित थी, जबकि तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण में शामिल हुई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी टीमों को प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए हमेशा जागरूक एवं आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

औद्योगिक दुर्घटनाओं एवं खतरनाक रसायनों के परिवहन में होने वाली दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण हिन्दुस्तान यूनिलिवर के सलिल श्रीवास द्वारा दिया गया।

उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत खतरनाक रसायनों के परिवहन के दौरान टैंकरों में लिखे जाने वाले संकेतक चिन्हों, उन पर लिखे हेजकेम (हजार्डियस केमिकल) कोड, यू.एन. नंबर आदि के माध्यम से रसायन की




पहचान और दुर्घटना की स्थिति में बचाव के अपनाए जाने वाले तरीकों को जानकारी विस्तार से समझाई। साथ ही इंडस्ट्री में होने वाली दुर्घटनाओं के प्रबंधन की तकनीक बताई।

नगर निगम छिंदवाड़ा से अभिषेक दुबे द्वारा अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना के दौरान राहत एवं बचाव तकनीक संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने अग्नि के प्रकरण, अग्निशामक यंत्रों के प्रकार, उनके उपयोग के तरीके, आग लगने की स्थिति में रेस्क्यू आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड्स एस.आर. आज़मी सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीएसडब्ल्यू,एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने दी दक्षता परीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य स्नातक एवम स्नातकोत्तर बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम की कक्षाएं प्रति रविवार को प्रत्येक ब्लाक में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय में उसी संस्थाओं के प्राचार्य के संरक्षण में संचालित की जाती है।

सप्ताह में तीन दिन विद्यार्थी अपनी अपनी प्रयोगशाला ग्रामों में अपने परामर्शदाताओं के मार्गदर्शन में सेवाभावी एवम समाजप्रयोगी कार्य करते है। इसी श्रंखला में छिंदवाड़ा विकासखंड की बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की क्लास में परामर्शदाता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद विनोद तिवारी, नशा मुक्ति एवम बाल संरक्षण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवम परामर्शदाता लता नागले, सोशल आडिट एवम विधिक सेवा में राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मेंटर्स तृप्ति सिंह, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मेंटर्स जय प्रकाश सूर्यवंशी, एवम राज्य स्तरीय हेप्पीनेश कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर आशीष साहू के कुशल मार्गदर्शन में पर्यावरण, विधिक प्राधिकरण, योगा नेतृत्व क्षमता, महिला एवम बाल विकास, समाजप्रयोगी कार्य सहित फील्ड कार्य में बच्चो को मार्गदर्शन दिया जाता है। गत दिवस बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने शासकीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा में अपनी पढ़ाई की दक्षता दिखाने अर्धवार्षिक परीक्षा में अपना ज्ञान कौशल बताया।

## सार-समाचार

### सिम्स के डीन की उपस्थिति में स्ट्रेस मैनेजमेंट सेशन का आयोजन हुआ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिम्स छिंदवाड़ा में अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार के निर्देशन में स्ट्रेस मैनेजमेंट सेशन का आयोजन किया गया। सहजयोग से जुड़े डॉ. सुनील जायसवाल ने मेडिटेशन की मदद से तनावमुक्त होने के उपाय एवं सहजयोग करने के तरीके बताए।

कार्यक्रम का प्रबंध प्रभारी अधिकारी डॉ. मेघा जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. वाघमारे विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी ने मोमेंटो प्रदान कर डॉ जायसवाल का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में सिम्स अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. गंधें, डॉ. यरपुडे, डॉ. पटेल सहित फेकल्टी छात्रों तथा कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी।

### परासिया क्षेत्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड परासिया द्वारा ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपंप के खराब होने एवं जलस्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट के निवारण की सतत् निगरानी के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड परासिया एवं उप खण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसके अंतर्गत परासिया खण्ड के कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक मानचित्रकार नितिन चतुर्वेदी को बनाया गया है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि कंट्रोल रूम पंजी में किया जाकर तत्काल संबंधित को आवश्यक कार्यवाही के लिये मोबाईल नंबर पर सूचित किया जा सकता है, ताकि कंट्रोल रूम में संधारित पंजी में निराकरण की प्रविष्टि की जा सके।

### विक्रमोत्सव 2025 के कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिला स्तर पर भी 30 मार्च 2025 को विक्रमोत्सव 2025 के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विक्रमोत्सव 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में किये जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले आयोजनों में ब्रम्हा ध्वज, विक्रमादित्य नाटक का प्रारूप, साउण्डट्रेक आदि साथ उपलब्ध कराने एवं स्थानीय कलाकार और जिले के छात्रों की प्रस्तुतियां कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### शांति समिति की बैठक का आयोजन 25 मार्च को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फित्तर पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये 25 मार्च 2025, मंगलवार को शाम 5:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समिति के सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

### तरन्नुम नवाज में 29 मार्च को छिंदवाड़ा आएँगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी 29 मार्च दिन शनिवार शाम को जिले में ऐतिहासिक आयोजन अखिल भारतीय गजल गायन प्रतियोगिता तरन्नुम नवाज़ के रूप में होने जा रहा है, इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में देशभर से चयनित प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति लेकर छिंदवाड़ा जिले में उपस्थित होंगी। साथ ही विश्व विख्यात गजल गायक चंदन दास प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित होंगे

# छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर की वाहनों की सघन जांच



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गईं।

जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 18 वाहनों से 124950 रूपये का जुर्माना लिया गया।

साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

# अब सहजयोगियों को आश्रम आने जाने में नहीं होगी परेशानी : सांसद



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी सहज योग ट्रस्ट द्वारा माताजी का 102 वां जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। पिछले दिनों सांसद बंटी विवेक साहू ने परिवार सहित लिंगा सालीमेटा के आश्रम में पहुँचकर माताजी के छाया चित्र में माथा टेका था। और जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि की कामना की थी।

इस दौरान ट्रस्ट के प्रमुखजनों एवं सहज योगियों ने सांसद श्री साहू के समक्ष आश्रम तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आने जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया था। साथ ही सड़क निर्माण के लिए सांसद निधि की मांग की थी। लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, जनपद सदस्य विपिन कराड़े एवं लिंगा सरपंच रूपेश कराड़े की अनुशंसा पर सांसद श्री साहू ने सड़क निर्माण के लिए 5 लाख की राशि अपनी सांसद निधि से स्वीकृत कर दी है। उल्लेखनीय है कि श्रीमाताजी निर्मला देवी का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष उनकी जन्मस्थली छिंदवाड़ा में मनाया जाता है, जहां भारत सहित अन्य देशों से बड़ी संख्या में सहजयोगी यहां पहुँचते है।

# कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, दिए अधिकारियों को निर्देश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी. रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत एवं नवीन स्वीकृति कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, ट्राइबल व शिक्षा विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रत्येक निर्माणाधीन कार्य के लिए आगामी 15 दिवस में अपेक्षित प्रगति का अगला स्तर भी निर्धारित किया जिसके अनुसार आगामी बैठक में प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होनें सभी विभागों को सख्त निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों।

पहले सत्र में सड़क निर्माण से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी. रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मार्गों का मजबूतीकरण कार्य और नवीनीकरण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लिमिट में पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि तामिया क्षेत्र में जिन सड़कों की हालत खराब हो गई है, उनकी शीघ्र मरम्मत की जाए ताकि पर्यटकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि तामिया क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य और वहां की आकर्षक लोकेशन पर्यटकों को काफी पसंद आती है, ऐसे में वहां की सड़कों की बेहतर स्थिति बनाए रखना आवश्यक है। दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की जी.एम. को जमकर फटकार लगाई और गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए।

# ब्रेनरूट चौरई क्लब ने विद्या भूमि को डकवर्थ लुईस नियम से हराया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को 2 मैच खेले गए। टूर्नामेंट के सचिव संदीप मालवीय व भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ अंकित सोलंकी ने बताया कि पहला मैच विद्या भूमि क्लब् व ब्रेनरूट चौरई के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रेनरूट चौरई ने 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 133 रन बनाएं। जिसमें 20 रन ऋषि सूर्यवंशी व 19 रन साजन वर्मा ने बनाये।

विद्या भूमि क्लब के गेंदबाज पुष्कर विश्वकर्मा ने 3 व पुलकित निगम ने 2 विकेट लिए। खेल में प्राकृतिक व्यवधान होने के कारण विद्या भूमि को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 15 ओवर में 104 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्या भूमि 15 ओवर में 6 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। विद्या भूमि क्लब के बल्लेबाज गौरीश तिवारी ने 24 व 21 रन नाबाद नमन तिवारी ने बनाए। ब्रेनरूट चौरई के गेंदबाज सत्यम शर्मा ने 3 विकेट लिए। मैच डकवर्थ लुइस नियम के तहत 4 रनों से ब्रेनरूट चौरई क्लब् ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच में अंपायर हिमांशु जायसवाल व रजत कडु थे।

# तिगांव के किसान को जैविक खेती से मिली कामयाबी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा जिले के ग्राम तिगांव के प्रगतिशील किसान नरेन्द्र ठाकरे ने अपने सतत प्रयासों और नवाचार से जैविक खेती में मिसाल कायम की है। श्री ठाकरे जो कि एक समर्पित किसान हैं, ने अपनी 5.188 हेक्टेयर कृषि भूमि पर संतरा, मक्का, तुअर, कपास, मिर्च और शिमला मिर्च जैसी फसलों की खेती करते हुए अपनी पहचान बनाई है। साथ ही उनके पास 35 पशुधन भी हैं जिनका समुचित देखभाल कर वे जैविक खाद उत्पादन में भी योगदान दे रहे हैं।



कृषक श्री ठाकरे ने आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में कई वर्षों से जैविक खेती को अपनाया है। अपनी खेती में वे किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों या कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं। उनके अनुसार जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि हमारी सेहत और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है।

कृषक श्री ठाकरे ने अपने खेत में 30 से अधिक वर्मीपिट तैयार किए हैं, जिससे वे जैविक खाद का निर्माण कर अपनी फसलों को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। इसके अलावा उन्होंने चार एजोला टैंकों का निर्माण किया है, जिसका उपयोग वे पशुओं के चारे के रूप में करते हैं और पानी का प्रयोग फसल वृद्धि के लिए प्राकृतिक उत्प्रेरक के रूप में करते हैं।

पशुओं के लिए पोषक चारे की व्यवस्था के लिये कृषक श्री ठाकरे ने नेपियर घास की भी खेती शुरू की है। कीट प्रबंधन के लिए वे परंपरागत तरीकों जैसे गौमूत्र, नीम काढ़ा, सड़ा हुआ छाछ और विभिन्न पत्तियों का उपयोग कर अपनी फसलों को प्राकृतिक रूप से सुरक्षित रखते हैं। इस बारे में वे कहते हैं, रसायनों पर निर्भरता कम करके हम अपनी मिट्टी को फिर से जीवंत बना सकते हैं, जिससे फसल का स्वाद और गुणवत्ता दोनों ही बेहतरीन होती है।

कृषक श्री ठाकरे के खेत में लगभग 2000 संतरे के पौधे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसके अलावा मक्का, तुअर और अन्य सब्जियों की फसलों से उन्हें करीब 2.5 लाख रुपये की अतिरिक्त आमदनी भी होती है। खास बात यह है कि श्री ठाकरे को अपने संतरे को जिले की मंडी तक ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि उनके संतरे की उत्कृष्ट गुणवत्ता के चलते व्यापारी स्वयं उनके खेत में आकर संतरे खरीदते हैं।

जब आपके उत्पाद की गुणवत्ता बेहतरीन होती है तो ग्राहक खुद आपके पास आता है। श्री ठाकरे गर्व के साथ कहते हैं कि उनके संतरे का आकार, स्वाद और गुणवत्ता इतनी बेहतर होती है कि उन्हें बाजार मूल्य से 20 प्रतिशत तक अधिक दाम प्राप्त होता है।रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और टॉनिक पर होने वाले खर्च से भी श्री ठाकरे हर वर्ष लगभग 3 लाख रुपये की बचत कर रहे हैं। उनकी इस सफलता का ही परिणाम है कि वर्ष 2015-16 में आत्मा परियोजना के तहत परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत उनके ग्राम के 50 किसानों ने जैविक खेती को अपनाते हुए तिगांव जैविक समिति का गठन किया है।